पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने तीसरें लखनऊ साईंस कांग्रेस का उद्घाटन किया

लखनऊः 31 अक्टूबर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज बाबासाहेब भीमराब अम्बेदकर विश्वविद्यालय लखनऊ में तीसरें लखनऊ साईंस कांग्रेस का उद्घाटन किया। कांग्रेस की थीम समाज के लिए विज्ञान थी। इस अवसर पर कुलपति डाॅ0 आर0सी0 सोबती, प्रो0 एस0के0 सरीन सहित अन्य वैज्ञानिक, विशेषज्ञ एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थी। राज्यपाल ने इस अवसर पर प्रो0 रविकांत, प्रो0 एस0के0 सरीन, प्रो0 आर0सी0 सोबती, डा0 जे0के0 जैना, डाॅ0 पी0के0 श्रीवास्तव, प्रो0 आलोक सहित अन्य लोगों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित भी किया।

राज्यपाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विज्ञान जीवन का आधार है। विज्ञान में देश को सुदृढ़ और शक्तिशाली बनाने की क्षमता है। इस क्षमता को समझते हुए समाज के विकास के लिए विज्ञान का प्रयोग करें। प्राचीन भारत की गणित, योग, वास्तुकला, विज्ञान आदि जैसी विरासत की जानकारी बच्चों को दी जानी चाहिए। हमारे देश में विशिष्ट वैज्ञानिकों की अनेकों मिसाले हैं। उन्होंने कहा कि कृति से विज्ञाननिष्ठ भारत बनाने में सबको सहयोग करना चाहिए।

श्री नाईक ने इस अवसर पर लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं आचार्य नरेन्द्र देव को विद्या पुरूष बताते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 आर0सी0 सोबती सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किये।